| क्र.सं. S.No. | अंग्रेजी शब्द/वाक्यांश **Words in English** | हिंदी रूपांतरण **Meaning in Hindi** | अंग्रेजी वाक्य में प्रयोग **Usages in English** | हिंदी वाक्य में प्रयोग **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** | **(5)** |
| 1. | Ammunition Stocks | गोला बारूद भण्डार | A number of steps have been taken to improve the ammunition stocks of Indian Army. | भारतीय सेना के गोला बारूद भंडार को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। |
| 2. | operational requirement | संक्रियात्मक जरूरतें | Capital procurement of defence equipment is undertaken based on operational requirement of the Armed Forces. | रक्षा उपकरणों का पूंजीगत प्रापण सशस्त्र बलों की संक्रियात्मक जरूरतों के आधार पर किया जाता है । |
| 3. | counter insurgency | जवाबी कार्रवाई | Pre-induction training is imparted to the troops posted to the Corps Zone in counter insurgency related operations. | जवाबी कार्रवाई से संबंधित संक्रियाओं में वाहिनी क्षेत्र में तैनात सैनिकों को प्रवेश-पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। |
| 4. | Naval Multirole Helicopter | नौसैनिक बहु-भूमिका हेलीकॉप्टर | Based on security scenario, the number of Naval Multirole Helicopter is being increased. | सुरक्षा परिदृश्य के आधार पर नौसैनिक बहु-भूमिका हेलीकॉप्टरों की संख्या बढ़ाई जा रही है । |
| 5. | Target Acquisition | लक्ष्य को साधना | Used for surveillance and Target Acquisition for firing on the target. | निगरानी और लक्ष्य साधने हेतु लक्ष्य पर फायर करने के लिए प्रयोग किया जाता है । |
| 6. | Maritime Capability Perspective Plan | समुद्री क्षमता संदर्शी योजना | This is in line with the Maritime Capability Perspective Plan. | यह समुद्री क्षमता संदर्शी योजना की तर्ज पर है । |
| 7. | Strategic Partnership Policy | सामरिक साझेदारी नीति | The government has recently promulgated the strategic partnership policy. | सरकार ने हाल में सामरिक साझेदारी नीति प्रख्यापित की है । |
| 8. | threat perception | खतरे की अवधारणा | Government regularly reviews the threat perception to secure our borders and protect national interests. | सरकार हमारी सीमाओं की सुरक्षा तथा राष्ट्रीय हितों की संरक्षा के लिए खतरे की अवधारणा की नियमित रूप से समीक्षा करती है । |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9. | tactical incidents | सामरिक घटनाएं | Appropriate retaliation to the ceasefire violations and other tactical incidents by Pakistan Army, as required, is carried out by Indian Army. | पाकिस्तानी सेना द्वारा युद्ध विराम उल्लंघनों तथा अन्य सामरिक घटनाओं का भारतीय सेना द्वारा यथापेक्षित उचित प्रत्युत्तर दिया जाता है । |
| 10. | Light Combat Aircraft | हल्का युद्धक विमान | Induction of the indigenously developed light combat aircraft would help arrest the drawdown of fighter squadron strength of IAF. | स्वदेशी रूप से विकसित एलसीए के शामिल किए जाने से भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की लड़ाकू स्क्वाड्रन की कम होती संख्या पर रोक लगेगी । |
| 11. | presence and surveillance | गश्त एवं निगरानी | Indian navy warships are maintaining presence and conducting surveillance. | भारतीय नौसेना के युद्धपोत गश्त एवं निगरानी कर रहे हैं। |
| 12. | peace keepers | शांति सैनिक | During the last decade, 34 Indian peace keepers have laid down their lives while serving in the United Nations peace keeping forces. | पिछले दशक के दौरान 34 भारतीय शांति सैनिकों ने संयुक्त राष्ट्र शांति सेनाओं में कर्तव्य निवर्हन के दौरान अपने प्राण न्यौछावर किए हैं । |
| 13. | Anti Infiltration Obstacle System | घुसपैठ रोधी अवरोध प्रणाली | Indian Army has constructed an Anti Infiltration Obstacle System along the Line of Control in Jammu & Kashmir. | भारतीय सेना ने जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ रोधी अवरोध प्रणाली का निर्माण किया है। |
| 14. | Munitions list | युद्ध सामग्री सूची | Standard Operating Procedure (SOP) for the export of munitions list items has been modified. | युद्ध सामग्री सूची मदों के निर्यात के लिए मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) में संशोधन किया गया है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 15. | Battle Causalities | युद्ध हताहत | Government has set up Army battle causalities welfare Fund in the Ministry of Defence. | सरकार ने रक्षा मंत्रालय के तहत सेना युद्ध हताहत कल्याण कोष की स्थापना की है। |
| 16. | Resettlement and Welfare | पुनर्वास और कल्याण | Ministry of Defence Formulates various policies and programmes for Resettlement and welfare of Ex-Servicemen in the country. | रक्षा मंत्रालय द्वारा देश में भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास और कल्याण के लिए नीतियां और कार्यक्रम तैयार किए जाते हैं। |
| 17. | Armed Forces Flag Day | सशस्त्र सेना ध्वज दिवस | Armed Forces flag Day is Commemorated on 7th December every year. | प्रतिवर्ष 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना ध्वज दिवस मनाया जाता है। |
| 18. | Ordnance Factory Board | आयुध कारखाना बोर्ड | Ordnance Factory Board has issued instructions to its units for welfare of women workers. | आयुध कारखाना बोर्ड ने महिला कार्मिकों के कल्याण के लिए निर्देश जारी किए हैं। |
| 19. | Terrorism and Radicalisation | आतंकवाद और कट्टरता | Terrorism and Radicalisation are the biggest threats to peace and security that the world is facing today. | आतंकवाद और कट्टरता, शांति और सुरक्षा के लिए आज सबसे बड़ा खतरा है जिसका दुनिया आज सामना कर रही है। |
| 20. | Neighbourhood First | पड़ोसी पहले | India has been committed to the policy of "neighbourhood first" aimed at expanding the close and friendly relations with India's neighbours. | भारत अपनी नीति 'पड़ोसी पहले' के प्रति प्रतिबद्ध है, जिसका उद्देश्य भारत के पड़ोसियों के साथ घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों का विस्तार करना है। |
| 21. | Internal Security | आंतरिक सुरक्षा | The overall internal security is under control due to the continuous and unrelenting efforts of central and state Govt. | केंद्र और राज्य सरकारों के सतत और अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप देश में समग्र आंतरिक सुरक्षा वातावरण नियंत्रण में है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 22. | Multi-pronged strategy | बहुस्तरीय रणनीति | The improved security situation is a result of resolute implementation of the multi-pronged strategy. | बेहतर सुरक्षा स्थिति बहुस्तरीय रणनीति के सुदृढ़ कार्यान्वयन का परिणाम है। |
| 23. | Border Roads Organisation | सीमा सड़क संगठन | Border Roads Organisation (BRO) is a road construction organization to meet the requirements of the Armed Forces. | सीमा सडक संगठन (बीआरओ) एक सड़क निर्माणकर्ता संगठन है जो सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं को पूरा करता है। |
| 24. | Global Geo-political dynamics | वैश्विक भौगोलिक व राजनीतिक गतिविधियां | The changing global geo-political dynamics presents the Nation with multiple security challenges. | लगातार बदलती वैश्विक भौगोलिक व राजनीतिक गतिविधियां अक्सर राष्ट्र के लिए कई सुरक्षा चुनौतियों को सामने लाती हैं। |
| 25. | National interests and foreign policy | राष्ट्रीय हित और विदेश नीति | Defence Cooperation activities constitute an important tool for furtherance of our national interests and foreign policy objectives. | हमारे राष्ट्रीय हितों और विदेश नीति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए रक्षा सहयोग गतिविधियां एक महत्वपूर्ण साधन हैं। |
| 26. | Diplomatic efforts | कूटनीतिक प्रयास | Defence Cooperation has emerged as an important pillar in India’s diplomatic efforts and Indian Army has been at the forefront of these endeavours. | रक्षा सहयोग भारत के कूटनीतिक प्रयासों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है और इन प्रयासों में भारतीय सेना सबसे आगे रही है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 27. | Indigenous capacity | स्वदेशी क्षमता | To facilitate development of indigenous capacity and reduce import dependence, Govt has approved manufacture of selected ammunition for Indian Arm by India Industry. | स्वदेशी क्षमता निर्माण के दीर्घकालिक उद्देश्य के साथ, और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए, सरकार ने भारतीय उद्योग द्वारा भारतीय सेना के लिए चयनित गोला-बारूद के निर्माण को मंजूरी दी है। |
| 28. | Operational efficacy | ऑपरेशन प्रभावशीलता | The enhanced equipment serviceability and availability due to measures undertaken at Ministry of Defence and Army Headquarters are ensuring the highest standard of operational efficacy in UN missions. | रक्षा मंत्रालय और सेना मुख्यालय में किए गए उपायों के कारण बढ़ी उपकरण सेवाक्षमता और उपलब्धता से संयुक्त राष्ट्र मिशनों में उच्चतम स्तर की ऑपरेशन प्रभावशीलता सुनिश्चित हुई है। |
| 29. | Maritime environment | समुद्री वातावरण | Maintenance of a secure maritime environment which enables unhindered pursuit of economic activities is, essential for the overall economic development and security of the country. | एक सुरक्षित समुद्री वातावरण को बनाए रखना आर्थिक गतिविधियों के अबाधित अनुगमन को सक्षम बनाता है, इसलिए देश के समग्र आर्थिक विकास और सुरक्षा के लिए यह आवश्यक है। |
| 30. | Myriad use-of the-sea activities. | समुद्री उपयोग की असंख्य गतिविधियां | The Indian Navy is the key enabler and guarantor of the country's maritime sovereignty and myriad use-of the-sea activities. | भारतीय नौसेना देश की समुद्री संप्रभुता की प्रमुख समर्थक और जमानतदार है और समुद्री उपयोग की असंख्य गतिविधियों का इस्तेमाल करती है। |
| 31. | Naval Aviation | नौसेना विमानन | Naval Aviation is poised at a crucial juncture on its path towards modernisation. | नौसेना विमानन आधुनिकीकरण के अपने रास्ते में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुँच गया है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 32. | Strategic aerospace power | सामरिक एयरोस्पेस शक्ति | The IAF is pursuing a focused modernisation plan to transform into a strategic aerospace power with full spectrum capability. | भारतीय वायु सेना खुद को पूर्ण स्पैक्ट्रम क्षमता के साथ एक सामरिक एयरोस्पेस शक्ति में बदलने के लिए केंद्रित आधुनिकीकरण योजना का अनुसरण कर रही है। |
| 33. | Long range capability | लंबी दूरी की क्षमता | Rafale aircraft will provide long range capability to engage targets in depth and will provide strong weapons. | राफेल विमान लंबी दूरी की क्षमता के साथ लक्ष्य को गहराई से बेअसर करने में सक्षम बनाएगा, और मजबूत हथियार प्रदान करेगा। |
| 34. | Indian Coastguard | भारतीय तटरक्षक बल | Indian Coast Guard (ICG) came into existence on February 1, 1977. | भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) 1 फरवरी, 1977 को अस्तित्व में आया। |
| 35. | Maritime Pollution | समुद्री प्रदूषण | Taking measures to preserve and protect the Marine Environment and to prevent and control Maritime pollution is necessary. | समुद्री पर्यावरण को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए और समुद्री प्रदूषण को रोकने के लिए उपाय करना आवश्यक है। |
| 36. | Defence production ecosystem | रक्षा उत्पादन पारिस्थितिकी-तंत्र | As a result of the efforts taken to develop defence production ecosystem, the country has achieved capability in wide range of defence and aerospace. | रक्षा उत्पादन पारिस्थितिकी-तंत्र विकसित करने के लिए किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप, देश बड़े पैमाने पर रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में समर्थ बना है। |
| 37. | Directorate General of Quality Assurance | गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय | Directorate General of Quality Assurance (DGQA) is an Inter-Service Organisation functioning under the Department of Defence Production in the Ministry of Defence. | गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय (डीजीक्यूए) एक अंतर-सेवा संगठन है जो रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग के अधीन कार्य करता है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 38. | Directorate General of Aeronautical Quality Assurance | वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय (डीजीक्यूए) | DGAQA is the Quality Assurance (QA) regulatory authority for Defence PSUs, Ordnance Factories, DRDO etc. | डीजीएक्यूए रक्षा पीएसयू, आयुध निर्माणियों, डीआरडीओ आदि के लिए गुणवत्ता आश्वासन विनियामक प्राधिकरण है। |
| 39. | Ordnance Factories | आयुध निर्माणियां | Ordnance Factories and defence Public Sector Undertakings are under Deptt. of Defence production. | आयुध निर्माणियां और सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम, रक्षा उत्पादन विभाग के अंतर्गत आते हैं। |
| 40. | Planning and Coordination. | योजना एवं समन्वय | Directorate of Planning and Coordination are Deptt. of Defence production. | योजना एवं समन्वय निदेशालय रक्षा उत्पादन विभाग के अधीन है। |
| 41. | Aeronautical | वैमानिक | Directorate General of Aeronautical Quality Assurance assures quality of aeronautical products. | वैमानिक गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय वैमानिक उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करता है। |
| 42. | transfer of technology | प्रौद्योगिकी हस्तांतरण | Equipment is being produced through transfer of technology. | प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के जरिए उपस्कर का निर्माण किया जा रहा है। |
| 43. | Strive | प्रयास/संघर्ष/ मेहनत करना | DPSUs and OFB are striving to increase the indigenous content in their equipment and products. | डीपीएसयू एवं ओएफबी अपने उपस्करों एवं उत्पादों में स्वदेशी मात्रा में वृद्धि करने का प्रयास कर रहे हैं। |
| 44. | Foreign investment | विदेशी निवेश | Foreign investment in the Defence Sector is subject to security clearance and guidelines of Ministry of Defence. | रक्षा क्षेत्र में विदेशी निवेश रक्षा मंत्रालय की सुरक्षा क्लीरेंस एवं दिशानिर्देशों के अध्यधीन है। |
| 45. | Industrial slowdown | औद्योगिक मंदी | The Ministry is worried about Industrial slowdown of Naini and Prayagraj. | मंत्रालय नैनी एवं प्रयागराज की औद्योगिक मंदी के बारे में चिंतित है। |
| 46. | Industrial and economic scenario | औद्योगिक एवं आर्थिक परिदृश्य | The current Industrial and economic scenario of this area is not very good. | इस क्षेत्र का औद्योगिक एवं आर्थिक परिदृश्य बहुत अच्छा नहीं है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 47. | To Identify nodes | नोड्स/केंद्रों की पहचान करना | The Government has identified six nodes namely Aligarh, Agra, Lucknow, Kanpur, Jhansi and Chitrakoot. | सरकार ने छह केंद्रों अर्थात् अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, झांसी एवं चित्रकूट की पहचान की है। |
| 48. | Policy interventions | नीतिगत पहलें/हस्तक्षेप | The new policy interventions will boost the economic growth of the area. | नई नीतिगत पहलों से इस क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। |
| 49. | Positive Impact | सकारात्मक प्रभाव | Defence Corridor will create a Positive Impact on the whole state. | रक्षा गलियारे से संपूर्ण राज्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। |
| 50. | Revamp | पुनरूद्धार होना/करना | It will revamp the industrial slowdown of this state. | इससे इस राज्य की औद्योगिक मंदी का पुनरूद्धार होगा। |
| 51. | Make-II Procedure | मेक/बनाओ-II प्रक्रिया | Make-II Procedure has been started by the department. | विभाग द्वारा मेक-II प्रक्रिया शुरू की गई है। |
| 52. | Submission of suo-moto proposal | स्व-प्रेरणा से प्रस्ताव प्रस्तुत करना | Submission of suo-moto proposals by industry is good for Defence Sector. | उद्योग द्वारा स्व-प्रेरणा से प्रस्ताव प्रस्तुत करना रक्षा क्षेत्र के लिए अच्छा है। |
| 53. | Specific Requirements | विशिष्ट आवश्यकताएं | He was trained to meet the specific requirements of this factory. | इस निर्माणी की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्हें प्रशिक्षित किया गया था। |
| 54. | Classified Military Information | वर्गीकृत सैन्य सूचना | Classified Military Information is top most secret in nature. | वर्गीकृत सैन्य सूचना अत्यधिक गुप्त प्रकृति की होती है। |
| 55. | State-of-the art battlefield Equipment | नवोन्नत युद्ध क्षेत्र उपस्कर | The Ordnance Factories manufacture State-of-the art battlefield Equipment for the armed Forces. | आयुध निर्माणियां रक्षा सेनाओं के लिए नवोन्नत युद्ध क्षेत्र उपस्करों का विनिर्माण करती हैं। |
| 56. | Create a start-up Ecosystem | स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र सृजित करना | A start-up ecosystem has been created for Defence and Aerospace. | रक्षा एवं अंतरिक्ष के लिए एक स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र का सृजन किया गया है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 57. | Defence Innovation Organisation | रक्षा नवाचार संगठन | Innovation for Defence Excellence (iDex) is being implemented by Defence Innovation Organisation. | आईडेक्स का कार्यान्वयन रक्षा नवाचार संगठन द्वारा किया जा रहा है। |
| 58. | Anti-Tank Guided Missile | टैंक-रोधी निर्देशित मिसाइल | BDL is pioneer in the production of Anti-Tank Guided Missiles. | बीडीएल टैंक-रोधी निर्देशित मिसाइलों के उत्पादन में अग्रणी है। |
| 59. | Anti-Submarine Warfare Corvettes | पनडुब्बीरोधी युद्ध प्रणाली कार्वेट | GRSE developed successfully anti-submarine warfare Corvettes. | जीआरएसई ने पनडुब्बीरोधी युद्ध प्रणाली कार्वेट्स का सफलतापूर्वक विकास किया है। |
| 60. | Submarine refits/ Construction | पनडुब्बी की मरम्मत (रिफिट)/ निर्माण | The normal refitting/Construction of EKM class Submarine was carried out at Goa Shipyard Ltd., Goa. | ईकेएम वर्ग की पनडुब्बी की सामान्य मरम्मत(रिफिटिंग)/ निर्माण कार्य गोवा शिपयार्ड लि. गोवा में किया गया है। |
| 61. | Timely Delivery to Customers | ग्राहकों को समय पर/समयबद्ध सुपुर्दगी | BEL ensures timely delivery to its customers. | बीईएल अपने ग्राहकों को समय पर सुपुर्दगी सुनिश्चित करता है। |
| 62. | Overall Indigenous Content | समग्र स्वदेशी मात्रा | Overall indigenous content in Ordnance Factories' products is about 87%. | आयुध निर्माणियों के उत्पादों में समग्र स्वदेशी मात्रा लगभग 87% है। |
| 63. | Defence Production Information Technology | रक्षा उत्पादन सूचना प्रौद्योगिकी | Deptt. of Defence production has constituted a Defence Production Information Technology Division. | रक्षा उत्पादन विभाग ने रक्षा उत्पादन सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग का गठन किया है। |
| 64. | Maritime Domain Awareness | समुद्री अधिकार-क्षेत्र जागरूकता | Many countries have shared maritime domain awareness among themselves. | कई देशों ने समुद्री अधिकार-क्षेत्र जागरूकता आपस में साझा की है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 65. | Strengthen Defence and Security Cooperation | रक्षा और सुरक्षा सहयोग को मजबूत बनाना | India has taken different steps for strengthening Defence and Security Cooperation. | भारत ने रक्षा और सुरक्षा सहयोग को मजबूत बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। |
| 66. | Cross Border Firing | सीमा पार से होने वाली गोलीबारी | Terrorist try to infiltrate into India under the cover of massive cross border firing. | आतंकवादी सीमा पार से होने वाली भारी गोलीबारी की आड़ में भारत में घुसपैठ करने की कोशिश करते हैं। |
| 67. | Department of Ex-Servicemen Welfare | भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग | The Department of Ex-Servicemen Welfare is headed by Secretary. | भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग का प्रमुख सचिव होता है। |
| 68. | Combined Commanders' Conference | संयुक्त कमांडर सम्मेलन | HQ IDS conducted the Combined Commanders' Conference in 2018. | एचक्यू आईडीएस ने संयुक्त कमांडर सम्मेलन का वर्ष 2018 में आयोजन किया था। |
| 69. | Joint Issues | संयुक्त मुद्दे | UCC provides a platform for discussion about all joint issues amongst the three Services. | यूसीसी तीनों सेनाओं के बीच सभी संयुक्त मुद्दों के बारे में विचार-विमर्श करने के लिए एक प्लेटफार्म प्रदान करती है। |
| 70. | Armed Forces Special Operation Division | सशस्त्र सेना विशेष संक्रिया प्रभाग | Armed Forces Special Operations Division is being raised under HQ IDS. | सशस्त्र सेना विशेष संक्रिया प्रभाग की एचक्यू आईडीएस के अधीन स्थापना की जा रही है। |
| 71. | National War Memorial | राष्ट्रीय युद्ध/समर स्मारक | Prime Minister dedicated National War Memorial to the Armed Forces on 25 February, 2019. | प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक 25 फरवरी, 2019 को सशस्त्र सेनाओं को समर्पित किया । |
| 72. | Humanitarian Assistance and Disaster Relief | मानवीय सहायता और आपदा राहत | Indian Army also accomplishes humanitarian assistance and disaster relief activities. | भारतीय सेना मानवीय सहायता और आपदा राहत संबंधी कार्यकलाप भी करती है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 73. | Engineering Procurement Contract | इंजीनियरिंग अधिप्राप्ति संविदा | Ministry of Defence has approved engineering procurement contract. | रक्षा मंत्रालय ने इंजीनियरिंग अधिप्राप्ति संविदा को अनुमोदन प्रदान कर दिया है। |
| 74. | Entire Spectrum of Warfare | संपूर्ण युद्ध प्रणाली परिदृश्य | Indian Army is committed to the defence of the country from external and internal threats across the entire spectrum of warfare. | भारतीय सेना देश की बाहरी एवं आंतरिक खतरों से संपूर्ण युद्ध प्रणाली परिदृश्य में सुरक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। |
| 75. | To maintain sustained Pressure | निरंतर दबाव बनाए रखना | Attempts of terrorist groups to revive militancy in North Kashmir was thwarted by maintaining sustained pressure. | उत्तरी कश्मीर में उग्रवाद को पुनर्जीवित करने के आतंकवादी समूहों के प्रयासों को निरंतर दबाव बनाकर विफल कर दिया गया। |
| 76. | Cease Fire Violation | युद्ध-विराम उल्लंघन | Many incidents of cease fire violations happened on LOC in last few months. | गत कुछ महीनों में एलओसी पर युद्ध-विराम उल्लंघन की कई घटनाएं हुई हैं। |
| 77. | Sporadic Incidents | छुट-पुट घटनाएं | The security in North Eastern States has improved except some sporadic incidents. | पूर्वोत्तर राज्यों में हिंसा की छुट-पुट घटनाओं को छोड़कर सुरक्षा की स्थिति में सुधार हुआ है। |
| 78. | Specific Cases of transgression | उल्लंघन के विशिष्ट मामले | Very few Specific Cases of transgression were reported on Indo-China border. | भारत-चीन सीमा पर बहुत कम उल्लंघन के विशिष्ट मामलों की सूचना प्राप्त हुई है। |
| 79. | Defence Attaches | रक्षा अताशे | Government of India has established Defence Attaches in its foreign embassies. | भारत सरकार ने अपने विदेशी दूतावासों में रक्षा अताशे की सुविधा स्थापित की है। |
| 80. | Joint Exercise | संयुक्त अभ्यास | Joint exercises with friendly countries is a part of our defence activities. | मित्र देशों के साथ संयुक्त अभ्यास हमारी रक्षा संबंधी गतिविधियों का एक भाग है। |
| 81. | Close Quarter Battle | समीपी लड़ाई | Indian Army is given special training for close quarter battle. | भारतीय सेना को समीपी लड़ाई के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 82. | Existing Fleet | मौजूदा बेड़ा | Emphasis is being laid on upgrades of existing fleet. | मौजूदा बेड़े के उन्नयन पर जोर दिया जा रहा है। |
| 83. | Territorial Army Day Celebration | प्रादेशिक सेना दिवस समारोह | The Territorial Army Day Celebration was organised in New Delhi. | प्रादेशिक सेना दिवस समारोह का नई दिल्ली में आयोजन किया गया । |
| 84. | Sea Vigil Exercise | समुद्री चौकसी अभ्यास | In Sea Vigil Exercise more than 200 Ships participated. | समुद्री चौकसी अभ्यास में 200 से अधिक पोतों ने भाग लिया था। |
| 85. | Anti-piracy Patrol | जल दस्यु-रोधी गश्त | Indian Navy deploys a Ship for anti-piracy patrol in the Gulf of Aden. | भारतीय नौसेना अदन की खाड़ी में जल दस्यु-रोधी गश्त के लिए एक पोत की तैनाती करती है। |
| 86. | National Command Control Communication Intelligence | राष्ट्रीय कमान नियंत्रण संचार आसूचना | National Command Control Communication Intelligence of Indian Navy has 51 stations. | भारतीय नौसेना के राष्ट्रीय कमान नियंत्रण संचार आसूचना में 51 स्टेशन हैं। |
| 87. | Surface-to-Air Guided missile | सतह से हवा में मार करने वाली निर्देशित मिसाइल | BDL is main DPSU for production of Surface-to-Air Guided missile. | बीडीएल सतह से हवा में मार करने वाली निर्देशित मिसाइल के लिए मुख्य डीपीएसयू है। |
| 88. | Radius of Action | कार्रवाई का क्षेत्र | The upgradation of MIG-29 has increased the radius of action. | मिग-29 के उन्नयन से कार्रवाई के क्षेत्र में बढ़ोतरी हुई है। |
| 89. | High Altitude | उच्च तुंगता | Defence Forces are given special training for high altitude terrain. | भारतीय सेनाओं को उच्च तुंगता वाले भू-भाग के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। |
| 90. | Long Range Surface to Surface Ballistic Missile | लंबी दूरी की सतह-से-सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल | Agni is long rang surface to surface ballistic missile. | अग्नि लंबी दूरी की सतह-से-सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 91. | Surveillance and Reconnaissance | निगरानी एवं टोह | UAVs are deployed for surveillance and reconnaissance. | निगरानी एवं टोह के लिए यूएवी तैनात किए जाते हैं। |
| 92. | Additional Gun Systems | अतिरिक्त गन प्रणाली | There is provision for additional gun systems for Gun-6. | गन-6 के लिए अतिरिक्त गन प्रणाली का प्रावधान है। |
| 93. | Air Defence Fire Control Radar | हवाई रक्षा फायर नियंत्रण रडार | Air Defence Fire Control Radar 'Atulya' is for ground based air defence system. | हवाई रक्षा फायर नियंत्रण रडार 'अतुल्य' भू-आधारित हवाई रक्षा प्रणाली के लिए है। |
| 94. | College of Defence Management | रक्षा प्रबंधन विद्‍यालय | College of Defence Management imparts skill training. | रक्षा प्रबंधन विद्‍यालय कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है। |
| 95. | Indian Naval Academy Course | भारतीय नौसेना अकादमी कोर्स | Indian Naval Academy Courses are conducted by Indian Navy. | भारतीय नौसेना अकादमी कोर्स भारतीय नौसेना द्‍वारा संचालित किए जाते हैं। |
| 96. | Operational Readiness | संक्रियात्मक तैयारी | Operational Readiness is a part of duty of Indian Army. | संक्रियात्मक तैयारी भारतीय सेना की ड्‍यूटी का एक भाग है। |
| 97. | Sacrifice | बलिदान | Major Rana kept his life on the altar of sacrifice while close fight with terrorists and safe guarded his associates. | मेजर राणा ने आंतकियों के साथ मुठभेढ़ में अपना परम बलिदान देकर अपने साथियों को बचाया। |
| 98. | Infiltration | घुसपैठ | Active training of terrorists is continue from across the border to infiltrate through the line of control. | नियंत्रण रेखा से होते हुए घुसपैठ कराने के लिए आतंकवादियों का सक्रिय प्रशिक्षण जारी है। |
| 99. | Joint Venture | संयुक्त उद्‍यम | There are many joint ventures in Defence Sector for manufacturing various defence equipment. | रक्षा क्षेत्र में विभिन्न रक्षा उपस्करों का विनिर्माण करने के लिए कई संयुक्त उद्‍यम हैं। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 100. | Innovation for Defence Excellence (iDex) | रक्षा उत्कृष्टता (आईडेक्स) | Innovation for Defence Excellence (iDex) is a new scheme formulated in collaboration with Startup India. | रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार, स्टार्ट-अप इंडिया के सहयोग से गठित एक नई योजना है। |
| 101. | Fast Patrol Vessel | तीव्र गश्ती जलयान | India has exported Fast Patrol Vessel to Mauritius. | भारत ने मॉरीशस को तीव्र गश्ती जलयान का निर्यात किया है। |
| 102. | Surface-to-Air Guided missile | सतह से हवा में मार करने वाली निर्देशित मिसाइल | BDL is main DPSU for production of Surface-to-Air Guided missile. | बीडीएल सतह से हवा में मार करने वाली निर्देशित मिसाइल के लिए मुख्य डीपीएसयू है। |
| 103. | Military Engineering Services(MES) | सैन्य अभियंता सेवा | Military Engineering Services (MES) is one of the largest construction and maintenance agencies in India. | सैन्य अभियंता सेवा(एमईएस) भारत की सबसे बड़ी निर्माण एवं अनुरक्षण एजेंसियों में से एक है। |
| 104. | Armed Forces Film and Photo Division | सशस्त्र सेना फिल्म एवं फोटो प्रभाग | Armed Forces Film and Photo Division is an inter services organisation. | सशस्त्र सेना फिल्म एवं फोटो प्रभाग एक अंतर सेवा संगठन है। |
| 105. | Epitomize | प्रतीक होना | The Armed Forces epitomize the ideals of service, sacrifice, patriotism and composite culture. | सशस्त्र सेनाएं सेवा, बलिदान, देशभक्ति एवं सामासिक संस्कृति के आदर्शों का प्रतीक हैं। |
| 106. | Collective Action | सामूहिक कार्रवाई | Collective action is needed to eliminate terrorism. | आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सामूहिक कार्रवाई करने की आवश्यकता है। |
| 107. | Defence Expo | रक्षा प्रदर्शनी | Defence Expo 2019 was organised in Lucknow. | रक्षा प्रदर्शनी 2019 का आयोजन लखनऊ में किया गया था। |
| 108. | Artillery | तोपखाना | Artillery Centre is located in Banglore. | तोपखाना केंद्र बैंगलुरू में स्थित है। |

*****